# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
## बी-4, क़ुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16


क्रमांक : एफ-21(2)/ला.भा.शा.रा.सं.वि./हि.रा.भा./2021-22 /849 दिनांक 10.09.2026

## कार्यालय आदेश

हिंदी माह-2026 के अंतर्गत **माननीय मंत्री जी के संदेश का वाचन एवं विश्वविद्यालय के समस्त कार्मिकों के मध्य परिचालन माननीय कुलपति जी** की अध्यक्षता में दिनांक **14.09.2026** को **पूर्वाह्न 11:30 बजे वाचस्पति सभागार** में किया जाएगा।

अतः सभी शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति दिनांक **14.09.2026** को **पूर्वाह्न 11:30** बजे वाचस्पति सभागार में प्रार्थनीय है।

संलग्न : यथोक्त

सहायक कुलसचिव
(हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

1. समस्त अध्यापकगण, अधिकारीगण/कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएँ
2. कनिष्ठ अभियंता को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक **14.09.2026** को कुर्सियां आदि की वाचस्पति सभागार आदि की व्यवस्था करवाने हेतु
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि वे इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था करें तथा छात्र-छात्राओं को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करें और दिनांक **14.09.2026** को फोटोग्राफी आदि की व्यवस्था करें।
4. विकास विभाग को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक **14.09.2026** को वाचस्पति सभागार आदि की व्यवस्था करवाने हेतु
5. कुलपति, कुलसचिव एवं विताधिकारी के निजी सचिव
6. जनसम्पर्क अधिकारी
7. संबंधित पंजिका

भारती त्रिपाठी

सहायक कुलसचिव
(हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ)

प्र हाद जोशी
PRALHAD JOSHI
ಪ್ರಲ್ಹಾದ ಜೋಶಿ

सत्यमेव जयते

शिक्षा, उपभोक्ता मामले,
खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF EDUCATION, CONSUMER AFFAIRS,
FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION AND
NEW & RENEWABLE ENERGY
GOVERNMENT OF INDIA



# संदेश

हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय अस्मिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसे ध्यान में रखते हुए ही भारतीय संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को एक उन्नत, समृद्ध और लोकप्रिय भाषा हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारत की विविधता को एकता के सूत्र में जोड़ने वाली भाषा है। इसकी सरलता, व्यापकता और आत्मीयता इसे शासन, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा जनसंपर्क का प्रभावी माध्यम बनाती है।

आज जब भारत 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है, तब हिंदी सहित भारतीय भाषाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। हिंदी में कार्य करना केवल संवैधानिक दायित्व का निर्वहन नहीं, बल्कि अपनी भाषायी विरासत के प्रति सम्मान, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है।

हिंदी दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम हिंदी को केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक कार्य-व्यवहार का स्वाभाविक माध्यम बनाएँ। सरल, सहज और प्रभावी हिंदी के प्रयोग से प्रशासन अधिक पारदर्शी, जनहितकारी और उत्तरदायी बनता है। साथ ही, शिक्षा, शोध, नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी के व्यापक उपयोग से ज्ञान को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का काम और अधिक सुदृढ़ होगा।

मुझे विश्वास है कि शिक्षा मंत्रालय तथा इसके सभी संबद्ध कार्यालयों, संस्थानों, संगठनों और विश्वविद्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ाने, राजभाषा संबंधी प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन तथा हिंदी दिवस एवं हिंदी माह के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर इस राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

आइए, हम सब मिलकर हिंदी को ज्ञान, नवाचार, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प की सशक्त भाषा बनाएँ। यही हिंदी दिवस की सच्ची सार्थकता होगी।

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिन्द !

प्र. वें. जोशी

(प्रल्हाद जोशी)

MoE - Room No. 21106, 1st Floor, Kartavya Bhavan-2, New Delhi-110001, Phone: 91-11-24015222, 24015290
E-mail: minister.sm@gov.in
Residence: 11, Akbar Road, New Delhi-110001, Tel.: 011-23014097, 23094098
Office of MP Dharwad: Chitaguppi Hospital Compound, Sir Siddappa Kambli Marg, Hubballi-580020 (Karnataka)
Tel.: 0836-2251055, 2258955, Email: pralhadvjoshi@gmail.com, officeofpralhadjoshiji@gmail.com